ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहाँपुर।

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

# **<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

<u>दिनांक 21.11.2020</u>

- प्रमुख सचिव पर्यटन श्री मुकेश मेश्राम जी द्वारा हनुमतधाम एवं म्यूजियम का किया गया निरीक्षण।
- नगर आयुक्त महोदय द्वारा छठ पूजा के पर्व पर लोधीपुर स्थित घाट का निरीक्षण किया गया।

- दिनांक 22.11.2020 को गोपाष्टमी के पर्व को दृष्टिगत रखते हुये नगर आयुक्त महोदय ने नगर निगम द्वारा संचालित गौवंश आश्रय स्थलों पर विशेष उत्सव के रुप में मनाये जाने हेतु नगर निगम के अधिकारियों/कर्मचारियों को दिये निर्देश।

1– प्रमुख सचिव पर्यटन श्री मुकेश मेश्राम जी द्वारा हनुमतधाम एवं छावनी परिषद स्थित म्यूजियम का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान पवित्र हनुमतधाम दक्षिणी कोने पर सीढ़ियो एवं घाटे के निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण के सबंध में प्रस्ताव तैयार कर जिलाधिकारी,शाहजहाँपुर से हनुमतधाम पर्यटन के महत्व को उल्लेख करते हुये पर्यटन विभाग को उपलब्ध कराने को निर्देशित किया गया। छावनी परिषद स्थित म्यूजियम के लिये भारत सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गई धनराशि के सापेक्ष आन्तरिक साज–सज्जा ,ओपन एयर एम0फी0 थियेटर को पूर्ण रूप से विकसित करने एवं आवश्यक कार्य कराने हेतु प्रस्ताव तैयार कराकर पर्यटन विभाग को प्रेषित करने के लिये निर्देशित किया गया। इस मौके पर प्रमुख सचिव पर्यटन के साथ जिलाधिकारी श्री इन्द्र बिक्रम सिंह, नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा, अपर जिलाधिकारी श्री रामसेवक द्विवेदी, अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0सिंह, महाप्रबन्धक (जल) वी0एन0 द्विवेदी, एवं मुख्य अभियन्ता (सिविल) श्री दिनेश चन्द्र सचान उपस्थित रहे।

2—नगर आयुक्त महोदय द्वारा छठ पूजा के पर्व पर लोधीपुर स्थित घाट का निरीक्षण किया गया कोविड—19 महामारी के संक्रमण को दृष्टिगत रखत हुये छठ पूजा के पर्व को सोशल डिस्टेसिंग के साथ बडे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छठ पूजा के पर्व पर नगर निगम द्वारा छोटी विसरात, बडी विसरात, लोधीपुर,खन्नौत नदी, गर्रा नदी,गॉधी पार्क के नीचे व नदी/तालाबों के किनारे शौचालय एवं साफ—सफाई की समुचित व्यवस्था,पेयजल संबधी व्यवस्था तथा प्रकाश व्यवस्था कराई गई। इसके अतिरिक्त नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा घाटों पर सेनेटाईज व सीढिया को सफेद तथा लाल रंग से रंगा गया। इसके अलावा घाटों पर विद्युत झालर लगायी गई और रोशनी की पूर्ण व्यवस्था की गई। खन्नौत पुल क किनारे—किनोर चूने का छिड्काव कराया गया तथा घाटों के अन्दर लोग नदी के अन्दर में न जाने पाये इस हेतु घाट पर बैरीकेडिंग की यथोचित व्यवस्था कराई गई। नगर निगम के द्वारा पूजा स्थलो/घाटों पर पहॅुचने हेतु यथावश्यक सीढियों की व्यवस्था कराई गई त्था महिलायों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये घाट के किनारे अस्थाई रुप से शौचालय तथा शेल्टर बनाये गये। इसके साथ ही घाटो पर एम्बुलेंस की व्यवस्था मय चिकित्सकों की टीम के साथ कराई गई। इस मौके पर नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0सिंह,सहायक नगर आयुक्त श्री अंगद गुप्ता उपस्थित रहे।

3— दिनांक 22.11.2020 को गोपाष्टमी के पर्व को दृष्टिगत रखते हुये नगर आयुक्त महोदय ने गौवंश आश्रय स्थलों पर विशेष उत्सव के रुप में मनाये जाने हेतु नगर निगम के अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। नगर निगम शाहजहॉपुर द्वारा 02 स्थानों पर सिंचाई विभाग कार्यालय प्रागंण में नन्दीशाला तथा मघई टोला में गौशाला संचालित है। नगर आयुक्त महोदय ने दोनो गौवंश पशु आश्रय स्थलों पर गोपा अष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में विशेष रुप से उत्सव मनाये जाने हेतु निर्देशित किया है।जिसके अन्तर्गत नन्दीशाला व गौशाला में व्यापक रुप सें सफाई अभियान चलाये जाने हेतु क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को निर्देशित किया गया। समस्त गौवंशीय पशुओ का स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण कराये जाने एवं जिन गौवंशीय पशुओ का इयरटैगिंग न हुआ हो,उनका इयरटैगिंग कराया जाये हेतु निर्देशित किया गर्या। साथ ही समस्त गौवंशीय पशुओं को नियमित रुप से खिलाये जा रहे भूसा, हरा चारा,चोकर के अतिरिक्त अनुपूरक आहार के रूप में पशु चिकित्सा अधिकारी से परामर्श प्राप्त कर यथा सम्भव सामाजिक संगठनो से गुड़,खली,चूनी,फल,मिष्ठान इत्यादि की भी व्यवस्था किये जाने हेतु निर्देशित किया। इसके साथ—साथ गौवंश स्थलो की सजावट का कार्य कराने हेतु सहायक अभियन्ता (प्रकाश) को निर्देशित किया गया।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर